सुनले श्री राधे रानी

सुनले श्री राधेरानी, भरकर अंखियों में पानी,
तुझको बुलाये नंदलाल, बैठ कदमवाँ की डाल,
तेरी ये राधा प्यारी, कहती सुनले बनवारी,
साज गले में वनमाल, अधर मुरलिया सम्हाल,
सुनले श्रीराधेरानी, भरकर अंखियों में पानी,
तुझको बुलाये नंदलाल, बैठ कदमवाँ की डाल.....

छेडूँ मैं मुरली तानें, तेरा ही नाम लेके,
छेडूँ मैं मुरली तानें, तेरा ही नाम लेके,
घूमूँ मैं आगे पीछे, मधुमासी प्यार लेके,
जन्मों जन्मों का राधे, दिल में करार लेके,
जन्मों जन्मों का राधे, दिल में करार लेके,
बेला है मधुर सुहानी,आओ यमुना व्रजरानी,
तुझको बुलाये नंदलाल, बैठ कदमवाँ की डाल,
तेरी ये राधा प्यारी, कहती सुनले बनवारी,
साज गले में वनमाल, अधर मुरलिया सम्हाल.....

लेकर तूँ प्यारी गइयाँ, आजा कदम की छइयाँ,
लेकर तूँ प्यारी गइयाँ, आजा कदम की छइयाँ,
मुरली सुनाने वाले, पड़ती हूँ तोरे पैयाँ,
आके बेदर्दी कान्हा, डालो गले में बइयाँ,
आके बेदर्दी कान्हा, डालो गले में बइयाँ,
आजा ओ विपिनबिहारी, सुनले तूँ सदा हमारी,
डाल गले में वनमाल, अधर मुरलिया सम्हाल,
सुनले श्रीराधेरानी, भरकर अंखियों में पानी,
तुझको बुलाये नंदलाल, बैठ कदमवाँ की डाल.......

यमुना तट निर्मल रेनु, बैठा हूँ लेकर धेनु,
यमुना तट निर्मल रेनु, बैठा हूँ लेकर धेनु,
आश तिहारी राधे, यमुना के तट पर मेनु,
आके अपने कान्हाँ की, सुनले तूँ मधुरम बेनु,
आके अपने कान्हाँ की, सुनले तूँ मधुरम बेनु,
हम तुम बँधे इक डोरी, सुनले वृषभानु किशोरी,
तुझको बुलाये नंदलाल, बैठ कदमवाँ की डाल,
तेरी ये राधा प्यारी, कहती सुनले बनवारी,
साज गले में वनमाल, अधर मुरलिया सम्हाल......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30991/title/sunle-shree-radhe-rani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |